Daily COVID-19 Updates

16 July, 2020




COVID-19 Tracker
As on 16th July, till 8 AM
Confirmed Cases 968,876 (▲32,695)
Active Cases 331,146 (▲11,306)
Cured* 612,815 (▲20,783)
Deaths 24,915 (▲606)
No. of Cases
0 - 2000
2001 - 10000
10001 - 30000
30001 - 100000
100000+
Deaths
Statewise - Confirmed Cases (8000+)
MAHARASHTRA 275,640 (▲7975)
TAMIL NADU 151,820 (▲4496)
DELHI 116,993 (▲1647)
KARNATAKA 47,253 (▲3176)
GUJARAT 44,552 (▲915)
UTTAR PRADESH 41,383 (▲1659)
TELANGANA 39,342 (▲1597)
ANDHRA PRADESH 35,451 (▲2432)
WEST BENGAL 34,427 (▲1589)
RAJASTHAN 26,437 (▲866)
HARYANA 23,306 (▲678)
BIHAR 20,612 (▲1328)
MADHYA PRADESH 19,643 (▲638)
ASSAM 18,666 (▲859)
ODISHA 14,898 (▲618)
JAMMU & KASHMIR 11,666 (▲493)
KERALA 9,553 (▲623)
PUNJAB 8,799 (▲288)
Previous Cases
Cases in Last 24 hrs
Cured vs. Deaths
152,613
10,928
102,310
2,167
95,699
3,487
18,466
928
31,286
2,079
25,743
1,012
25,999
386
18,378
452
20,680
1,000
19,502
530
17,667
319
13,462
180
13,908
682
12,173
46
10,476
77
6,337
206
4,634
35
5,867
221
Death
Cured
*One migrated case is included in Cured
*▲ indicates increase in the number in the last 24 hrs
@COVIDNewsByMIB

केंद्र सरकार की आत्मनिर्भर भारत की सोच में देश के अन्नदाता अग्रिम पंक्ति में हैं

आत्मनिर्भर भारत की सबसे मजबूत कड़ी है आत्मनिर्भर किसान. इसी दिशा में किसानों का मजबूत बनाने और उन पर कर्ज का बोझ कम करने के लिए सरकार कई अहम कदम उठा रही है. हाल ही में किसानों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऐलान किया था कि देश के 2.5 करोड़ किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड मुहैया कराए जाएंगे. इनके जरिए 2 लाख करोड़ रुपए तक की राशि दी जाएगी. सरकार ने पिछले 2 महीने में ही 25 लाख किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड जारी किए हैं. सरकार किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए लोन लेना भी किसानों के लिए आसान कर दिया है. इसी तर्ज पर भारत सरकार एक विशेष अभियान के तहत अगले दो महीनों (जून - जुलाई, 2020) के दौरान दुग्ध संघों और दुग्ध उत्पादक कम्पनियों से जुड़े 1.5 करोड़ डेयरी किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) उपलब्ध कराएगी. डेयरी सहकारिता अभियान के तहत, देश के लगभग 1.7 करोड़ किसान 230 दुग्ध संघों के साथ सम्बद्ध हैं.

दरअसल किसान क्रेडिट कार्ड स्कीम के जरिए किसानों को खेती से जुड़े काम के लिए कर्ज दिया जाता है. कार्ड के जरिए कर्ज लेना काफी सस्ता है. किसान क्रेडिट कार्ड को पीएम किसान सम्मान निधि स्कीम के साथ जोड़ दिया गया है.

किसान क्रेडिट कार्ड को, को-ऑपरेटिव बैंक, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, नैशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया, इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट बैंक ऑफ इंडिया से बनवाया जा सकता है. यही नहीं सरकार ने किसान क्रेडिट कार्ड बनवाने पर लगने वाली फीस और चार्ज में भी छूट दी है. दरअसल, केसीसी बनवाने में 2 से 5 हजार रुपए तक का खर्च आता है. सरकार के निर्देश पर इंडियन बैंक एसोसिएशन ने एडवाइजरी जारी कर बैंकों से फीस और चार्ज में छूट देने को कहा था. निश्चय ही मोदी सरकार का यह प्रयास किसानों के हित में है तथा देश को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में उठाया गया एक सार्थक कदम साबित होने वाला है.

Positive India:

1. स्वदेशी कोरोना वैक्सीन का Human Trial 'आत्मनिर्भर भारत' के लिए मील का पत्थर, वैज्ञानिकों को भरोसा- https://www.jagran.com/news/national-human-trials-of-indigenously-covid19-vaccine-important-milestone-for-atmanirbhar-bharat-dbt-20518141.html

2. कर्नाटक: बेंगलुरु में जल्द शुरु होगा मेगा कोविद केयर सेंटर, बिना लक्षण वाले रोगियों का होगा इलाज- https://www.jagran.com/news/national-state-to-equip-bengaluru-mega-covid-centre-with-facilities-20518180.html

3. देश ही नहीं पूरी दुनिया के लिए कोरोना वैक्सीन के उत्पादन में सक्षम है भारत: बिल गेट्स- https://www.jagran.com/news/national-indian-pharma-industry-capable-of-producing-covid19-vaccines-for-entire-world-bill-gates-20517987.html

4. कोरोना वैक्सीन ढूंढने में जुटी पूरी दुनिया, जानिए भारत सहित कई देशों में हो रही है मानव ट्रायल की तैयारी- https://www.jagran.com/news/national-covid-19-vaccine-preparation-for-human-trials-of-vaccine-in-many-countries-including-india-jagran-special-20516013.html

5. India Coronavirus News: नौ लाख 68 हजार से ज्यादा केस, 63.24 फीसद मरीज हुए ठीक- https://www.jagran.com/news/national-india-coronavirus-news-cases-cross-9-lakh-68-thousand-mark-more-than-six-lakh-12-thousand-patients-cured-20517724.html

6. केरल: कालीकट विश्वविद्यालय में बनाया गया COVID-19 उपचार केंद्र, 1,000 से अधिक बेड का किया गया इंतजाम-

https://www.jagran.com/news/national-kerala-covid19-treatment-centre-set-up-at-calicut-university-in-malappuram-20517752.html

7. Coronavirus Medicine: जेनेरिक रेमडेसवीर की शीशियों की सप्लाई करेगी हेटेरो, बायोकॉन की दवा को मिली मंजूरी- https://www.jagran.com/news/national-coronavirus-medicine-biocon-drug-approved-for-use-in-treatment-of-coronavirus-20517475.html

8. कोरोना सैंपल जांच में भारत की स्थिति में सुधार, प्रतिदिन सैंपल टेस्ट की क्षमता पहुंची चार लाख- https://www.jagran.com/news/national-corona-sample-test-improves-in-india-sample-test-capacity-reached-four-lakhs-per-day-20515802.html

9. Plasma Therapy : इस राज्य में प्लाजा डोनर को सरकार की ओर से दिए जाएंगे 5000 रुपये- https://www.jagran.com/news/national-karnataka-government-will-give-rs-5000-each-as-appreciation-money-to-the-plasma-donors-20515457.html

10. कोरोना काल की मार से कैसे उबरे इकॉनमी, पीएम मोदी की 50 अधिकारियों संग बैठक- https://www.livehindustan.com/national/story-prime-minister-modi-taking-inputs-from-top-50-officials-to-revive-economy-3353927.html

11. With rise in Covid cases, Surat to add 1,570 beds in 2 hospitals- https://indianexpress.com/article/india/with-rise-in-covid-cases-surat-to-add-1570-beds-in-2-hospitals-6507987/

India Fights Corona (Updates):

- भारत में पिछले 24घंटों में कोरोना वायरस के सर्वाधिक 32,695 नए मामले सामने आए, 606 मौतें हुईं। देश में अब कोरोना पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 9,68,876 है जिसमें 3,31,146 सक्रिय मामले, 6,12,815ठीक/डिस्चार्ज/विस्थापित मामले, 24,915 मौतें शामिल हैं:स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

- COVID19 मरीज़ो की रिकवरी रेट बढ़कर 63.24% हो गई है। रिकवरी/ डेथ अनुपात अब 96.09% : 3.91% है: भारत सरकार

- 15 जुलाई तक COVID19 के लिए 1,27,39,490 सैंपलों का टेस्ट किया गया, जिसमें से 3,26,826 सैंपलों का टेस्ट कल किया गया: भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (ICMR)

- राज्य में पिछले 24 घंटों में 29 नए COVID19 पॉजिटिव मामले सामने आए हैं, कुल पॉजिटिव मामलों की संख्या 267 हो गई है, जिसमें 159 ठीक / डिस्चार्ज हो चुके मामले शामिल हैं: सूचना और जनसंपर्क विभाग, मिज़ोरम सरकार

- राजस्थान में आज कोरोना वायरस के 143 नए मामले सामने आए और 4 मौतें हुई। राज्य में अब कोरोना वायरस पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 26,580 है जिसमें 6,459 सक्रिय मामले, 534 मौतें शामिल हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- आज हमारे यहां कोरोना वायरस से मृत्यु दर दुनिया में सबसे कम 2.57 प्रतिशत है और रिक्वरी रेट 63.25 प्रतिशत है। हमारा डबलिंग रेट लगभग 21 दिन हो गया है: केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ.हर्षवर्धन

- पुडुचेरी में आज 147 नए COVID19 मामले सामने आए हैं, कुल मामलों की संख्या 1743 हो गई है, जिसमें 774 सक्रिय मामले, 947 डिस्चार्ज और 22 मौतें शामिल हैं: पुडुचेरी स्वास्थ्य विभाग

- हिमाचल प्रदेश में 2 नए COVID19 मामले सामने आए हैं, कुल मामलों की संख्या 1343 हो गई है जिसमें 350 सक्रिय मामले, 969 रिकवरी और 9 मौतें शामिल हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- बिहार में कोरोना वायरस का संक्रमण रोकने के लिए आज से समूचे राज्य में सोलह दिन का लॉकडाउन लागू कर दिया गया है। यह 31 जुलाई तक जारी रहेगा।

- गोवा में 198 नए COVID19 मामले सामने आए और 67 रिकवर हुए हैं। कुल मामलों की संख्या 2951 हो गई है जिसमें 1259 सक्रिय मामले, 1674 रिकवर और 18 मौतें शामिल हैं :राज्य सरकार

- 678 नए COVID19 मामले आज हरियाणा में दर्ज किए गए, राज्य में पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या 23,306 हो गई है जिसमें 17,667 रिकवर मामले, 5320 सक्रिय मामले और 319 मौतें शामिल हैं :राज्य स्वास्थ्य विभाग

- पश्चिम बंगाल में आज 1,589 नए COVID19 मामले सामने आए और 20 मौतें हुई हैं। 12,747 सक्रिय मामलों, 20,680 डिस्चार्ज मामले और 1,000 मौतों सहित मामलों की कुल संख्या 34,427 हो गई है :स्वास्थ्य विभाग, पश्चिम बंगाल

- दिल्ली में आज 1647 नए COVID19 पॉजिटिव मामले सामने आए और 41 मौतें हुई हैं। 17807 सक्रिय मामलों, 95699 रिकवर/डिस्चार्ज/विस्थापित मामलों और 3487 मौतों सहित कुल मामलों की संख्या बढ़कर 116993 हो गई :दिल्ली सरकार

- मुंबई में आज 1390 नए COVID19 पॉजिटिव मामले सामने आए और 62 मौतें हुई हैं। कुल मामलों की संख्या बढ़कर 96253 हो गई, जिसमें 67830 डिस्चार्ज मामले, 22959 सक्रिय मामले शामिल हैं। अब तक कुल 5464 मौतें हुई हैं :बृहन्मुंबई नगर निगम (BMC)

- कर्नाटक में आज 3176 नए COVID19 मामले सामने आए जिनमें से 1975 मामले बैंगलौर से हैं, 87 लोगों की मौत भी हुई है जिससे कुल मामलों की संख्या 47253 और मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 928 हो गया है :राज्य स्वास्थ्य विभाग

केंद्र सरकार ने संवैधानिक व्यवस्था के तहत ही कोरोना का सामना करने के लिए पूरे देश को किया एकजुट

कोविड-19 महामारी के संकट में भले ही यहां-वहां कुछ बेसुरे राग सुनाई पड़े हों, लेकिन वास्तविकता यह है कि भारतीयों ने अनुशासन और एकजुटता के साथ इस आपदा का सामना किया है। इस गाढ़े वक्त में जिस किस्म का नियोजन और आत्मविश्वास दिखाई पड़ रहा वह हमारे विविधता भरे और बहस प्रिय समाज में दुर्लभ ही दिखता है। कोरोना जैसे अदृश्य दुश्मन का सामना करने के लिए एक संयुक्त कमान बनाने की प्रतिबद्धता ने केंद्र सरकार, राज्य सरकारों, केंद्र और राज्य स्तर के सभी संस्थानों, स्वास्थ्य विशेषज्ञों और स्वास्थ्यकर्मियों को एकजुट कर दिया है, जिसमें प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री अग्रिम मोर्चे से कमान संभाले हुए हैं। हालांकि कहने का अर्थ यह नहीं कि सब कुछ ठीक-ठाक है।

पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र से कुछ ऐसे स्वर उभरे जिनसे लगा कि इन राज्यों के मुख्यमंत्रियों का केंद्र के साथ तालमेल सही नहीं। स्थिति को सुगम बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्रियों के साथ कई बार ऑनलाइन बैठकें कर उनकी समस्याएं समझने का प्रयास किया। यह उस सहकारी संघवाद की भावना को ही रेखांकित करता है जिसकी यदाकदा चर्चा होती रहती है। यह बात अवश्य याद रखी जानी चाहिए कि किसी संकट से निपटने के मामले में एकरूपता कायम रखने के लिए संविधान केंद्र सरकार को विशेष अधिकार प्रदान करता है। इस दृष्टि से देखें तो हमारे राष्ट्र निर्माताओं ने बहुत दूरदर्शिता दिखाई। जैसे कि समवर्ती सूची में आइटम 23 केंद्र को यह अधिकार देता है कि वह एक राज्य से दूसरे राज्य में संक्रमण रोकने या मनुष्य, पशु और वनस्पतियों को प्रभावित करने वाले विषाणुओं की रोकथाम के लिए कानून बना सकता है।

Source:https://www.jagran.com/editorial/apnibaat-central-government-unites-entire-country-to-face-corona-under-constitutional-system-20356520.html

Prepared by:

Adarsh Tiwari

Abhay Singh

Manujam Pandey